दिनांक–30.08.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र के दौरे पर, कई विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।
- भोपाल में आज आईएटीओ सम्मेलन का आयोजन। मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन।
- राज्य सरकार केन–बेतवा लिंक परियोजना में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए भेजेगा संशोधित रिपोर्ट।
- प्रदेश में तेज बारिश के साथ होगी सितम्बर की शुरूआत। भोपाल में आज हल्की बारिश की संभावना।

प्रधानमंत्री–महाराष्ट्र दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र में मुम्बई और पालघर जाएंगे। श्री मोदी मुम्बई के जियो वर्ल्ड कंवेंशन सेंटर में वैश्विक फिनटेक महोत्सव–2024 को संबोधित करेंगे। पालघर के सिडको मैदान में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और वाधवन बंदरगाह का शिलान्यास करेंगे। इस परियोजना पर लगभग 76 हजार करोड़ रूपए की लागत आएगी।

प्रधानमंत्री लगभग एक हजार 560 करोड़ रुपये की 218 मत्स्य पालन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। इससे पांच लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है। श्री मोदी करीब 360 करोड़ रुपये की लागत से नेशनल रोल आउट ऑफ वेसल कम्युनिकेशन एंड सपोर्ट सिस्टम का भी शुभारंभ करेंगे।

मुख्यमंत्री–आईएटीओ सम्मेलन

भोपाल में आज इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स आईएटीओ के तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन की शुरूआत हो रही है। Resurgent India Inbound थीम पर हो रहे सम्मेलन की शुरूआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। देश भर के 1200 से ज्यादा टूर ऑपरेटर, ट्रेवल एजेंट्स, होटेलियर सहित पर्यटन क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि इसमें हिस्सा लेंगे। पर्यटन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश को क्लीन, ग्रीन और सेफ डेस्टिनेशन के रूप में प्रचारित किया जाएगा। मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. ने बताया कि शुभारंभ समारोह में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से प्रदेश में विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी।

युवा संसद

पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय पीठ द्वारा आज प्रदेश की शिक्षण संस्थाओं में युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और विद्यालयों के छात्र शामिल होंगे। कार्यक्रम कुलगुरू एलएनसीटी विश्वविद्यालय भोपाल में होगा।

बारिश/मौसम

प्रदेश में सितम्बर की शुरूआत एक फिर तेज बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून ट्रफ सिस्टम के साथ लो प्रेशर एरिया धीरे–धीरे प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। जिससे एक सितम्बर को एक बार फिर बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग ने आज भी भोपाल, विदिशा, नर्मदापुरम, बैतूल सहित 35 जिलों में तेज हवा के साथ बौछारे पड़ने के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। कल शाम भोपाल, नरसिंहपुर में बारिश हुई। सतना, उमरिया, डिंडोरी, अनूपपुर में दो–दो इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई।

## नदी जोड़ो परियोजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल से उनके कार्यालय में भेंट कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। कल हुई इस बैठक में नदी जोड़ो परियोजनाओं, विशेषकर केन–बेतवा लिंक परियोजना के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आग्रह पर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री ने राज्य को दौधन बांध एवं लिंक नहर के भू–अर्जन एवं पुनर्विस्थापन के लिये केन्द्र से प्राप्त होने वाली शेष 1150 करोड़ रूपए की राशि शीघ्र जारी करवाने को आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनुरोध किया कि स्वीकृत केन–बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत वर्तमान में प्रावधानित दमोह– पन्ना उद्वहन सिंचाई योजना से 90,100 हैक्टेयर सिंचाई के स्थान पर लगभग 2,50,000 हैक्टेयर की मध्यप्रदेश की पत्ने एवं ब्यरमा सिंचाई परियोजना को शामिल किया जाना उचित होगा। इस संबंध में संशोधित डीपीआर राज्य शासन द्वारा भेजी जा रही है, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। पार्वती–कालीसिंध चंबल परियोजना और कान्ह और गंभीर नदियों को जोड़ने की योजना पर भी विचार हुआ।

## शी–बॉक्स पोर्टल

केन्द्र और राज्य के संगठित या असंगठित निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम कर रही महिला कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न की शिकायत को दर्ज करने के लिये शी–बॉक्स पोर्टल बनाई गई है। कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न का सामना करने वाली कोई भी महिला इस पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करा सकती है। पोर्टल के माध्यम से दर्ज की गई शिकायतें पूरी तरह से गोपनीय रखी जाती है। एक बार शिकायत शी–बॉक्स में दर्ज होने के बाद इसे सीधे कार्यवाही करने के अधिकार क्षेत्र वाले संबंधित प्राधिकारी को भेजा जायेगा। केन्द्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने महिला–बाल विकास विभाग की नये रूप से तैयार वेबसाइट और शी–बॉक्स पोर्टल का कल लोकार्पण किया। इस अवसर पर सभी राज्यों के महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी वर्चुअली जुड़े थे। महिला विकास विभाग की नई वेबसाइट www.wcd.gov.in में मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य आदि की लिंक भी दी गई है। जहां से इसे आसानी से एक्सेस किया जा सकता है।

## मध्यप्रदेश निवेश

प्रदेश में संभाग स्तर पर आयोजित हो रही रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव और मुम्बई, बेंगलुरू और कोयम्बटूर में किये रोड शो के माध्यम से अब तक कुल एक लाख अस्सी हजार करोड रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिससे लगभग डेढ़ लाख व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नइ दिल्ली में कहा कि ग्वालियर में आयोजित रीजनल कॉन्क्लेव में 8,500 करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। अब तक उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर में कान्क्लेव हुए हैं । सागर, रीवा और भोपाल में रीजनल कॉन्क्लेव और इसके बाद ग्लोबल समिट आयोजित किए जाएंगे।

## मध्यप्रदेश उत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नई दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन में आज से 2 सितंबर तक होने वाले 'मध्यप्रदेश उत्सव' का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उत्सव में प्रदेश की समृद्ध कला, पर्यटन, संस्कृतिक विरासत, जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों का वृहद प्रदर्शन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस उत्सव में लघु मध्यप्रदेश की झलक दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अलग–अलग अंचलों के विशिष्ट व्यंजन भी परोसे जाएंगे। उत्सव में हथकरघा, हस्तशिल्प, ओडीओपी उत्पाद, जीआई उत्पाद, मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत एवं शासन की उपलब्धियों पर केंद्रित प्रदर्शनियां लगाई जाएगी। चार–दिवसीय मध्यप्रदेश उत्सव में प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। उत्सव के पहले दिन संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित सुश्री कलापिनी कोमकली द्वारा शास्त्रीय गायन का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

समाचार संक्षेप में .....

- सागर में तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इंदर सिंह परमार की अध्यक्षता में सागर संभाग के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक कल संपन्न हुई।
- कटनी में आने वाले दिनों में गणेश उत्सव एवं दुर्गा उत्सव के दौरान मूर्ति निर्माण एवं विसर्जन के संबंध में एन.जी.टी. एवं सी.पी.सी.बी. द्वारा जारी दिशा –निर्देशों के अनुपालन में कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

- नेहरू युवा केंद्र डिंडौरी द्वारा शासकीय आईटीआई परिसर डिंडौरी में वृक्षारोपण कर मेजर ध्यानचंद जी का जन्मदिन मनाया गया।
- मंडला में दायित्वों के प्रति लापरवाही, उदासीनता बरतने पर कमिश्नर अभय वर्मा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलवाह के प्रभारी प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।
- उमरिया में जघन्य हत्या की दो अलग अलग वारदातों में शामिल सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए है।
- पेरिस पैरालिंपिक्स में भारत के मिक्स्ड कंपाउंड में शीतल देवी और राकेश कुमार की तीरंदाजी टीम ने 1399 के सम्मिलित स्कोर के साथ पैरालिंपिक में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। तीरंदाजी की यह जोड़ी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में दो सितम्बर को क्वार्टर फाइनल में खेलेगी।

....................................